Class - VIII
Subject - HINDI
पाठ – 1 बसंती हवा

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. हवा कहाँ से आती है?

उत्तर हवा यत्र–तत्र–सर्वत्र से घूमती हुई आती है। वह शहर, गाँव, बस्ती, नदी, रेत, निर्जन, हरे खेत, पोखर आदि जगहों से होती हुई आती है।

ख. हवा हरे खेतों के साथ क्या करती है?

उत्तर हवा हरे खेतों को झुलाती, झुमाती चलती है। वह उन्हें लहराती है।

ग. हवा के हँसने का कारण क्या था?

उत्तर हवा के हँसने का कारण उसके धक्के से अरहरी का पथिक के हृदय से जा लगना था।

घ. हवा किसकी कमर पर जाकर चिपक गई थी?

उत्तर हवा अरहरी की कमर पर जाकर चिपक गई थी।

3. लिखित

क. हवा इधर–उधर क्यों जाती है?

उत्तर बसंती हवा स्वभावतः अत्यधिक चंचल है। हवा का गुण उन्मुक्त विचरण करना है। इसलिए, वह इधर–उधर जाती है।

ख. हवा गगन को युगों से कैसे सँभाले हुए है?

उत्तर हवा गगन को युगों से बिना किसी कष्ट या मेहनत के सँभाले हुए है।

ग. महुआ के पेड़ पर चढ़ कर हवा ने क्या किया?

उत्तर महुआ के पेड़ पर चढ़ कर हवा ने थपाथप मचाया।

घ. हवा ने धक्का किसे दिया?

उत्तर हवा ने धक्का अरहरी को दिया।

ङ सारी सृष्टि के हँसने से क्या तात्पर्य है?

उत्तर सारी सृष्टि के हँसने से तात्पर्य है कि सृष्टि के सभी जड़–चेतन बसंती हवा की चंचलता से, उसकी अठखेलियों से आनंदित हो रहे हैं। वे प्रसन्न हो हँसते प्रतीत हो रहे हैं।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न हवा ने किससे हार मानी और क्यों हार मानी?

उत्तर हवा ने अलसी से हार मानी। वह अलसी के सिर पर सुशोभित बीजों की कलशी को गिराना चाहती थी। इसके लिए उसने बहुत प्रयत्न किया, किन्तु अपने प्रयत्न में वह असफल रही थी।

5. सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए :–

क. बसंती हवा चलने पर क्या हुआ?

पेड़ों के पत्ते झड़ने लगे

सब उदास हो गए

सारी सृष्टि प्रसन्न होकर हँसने लगीं

उत्तर सारी सृष्टि प्रसन्न होकर हँसने लगीं

ख. बसंती हवा का क्या अर्थ है?

बसंती रंग की हवा

वर्ष भर लगातार चलने वालीं हवा

बसंत ऋतु में चलनेवालीं हवा

उत्तर बसंत ऋतु में चलनेवालीं हवा